# जिस पल भी राधे भूलूँ मैं तुमको भजन लिरिक्स

जिस पल भी राधे,
भूलूँ मैं तुमको,
मेरी जिंदगी की वो,
अंतिम घड़ी हो।bd।

तर्ज – तुम्ही मेरे मंदिर।

---

तेरा ही भरोसा,
तेरा ही सहारा,
तेरी बंदगी में ही,
जीवन गुजारा,
तेरे सिवा ना पूजा किसी को,
तेरे सिवा ना पूजा किसी को,
मेरी जिंदगी की वो,
अंतिम घड़ी हो।bd।

---

जब जब लगा हूँ,
गिरने मैं श्यामा,
बांह पकड़ कर,
तुमने ही थामा,
तूने संभाला हरपल है मुझको,
तूने संभाला हरपल है मुझको,
मेरी जिंदगी की वो,
अंतिम घड़ी हो।bd।

---

तेरा नाम ही बस,
रटती है सांसे,
हर पल निहारे,
तुमको ही आँखे,
लगन ये तुम्हारी कम ना कभी हो,
लगन ये तुम्हारी कम ना कभी हो,
मेरी जिंदगी की वो,
अंतिम घड़ी हो।bd।

---

सानू वे दिल की,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

चाहत है मेरी,
दम निकले मेरा तो,
चौखट पे तेरी,
मेरे सामने राधे तेरी छवि हो,
मेरे सामने राधे तेरी छवि हो,
**Bhajan Diary,**
मेरी जिंदगी की वो,
अंतिम घड़ी हो।**bd**।

---

जिस पल भी राधे,
भूलूँ मैं तुमको,
मेरी जिंदगी की वो,
अंतिम घड़ी हो।**bd**।

स्वर – राजू मेहरा जी।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com